# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/1075
दिनांक : 05/11/2022

## विज्ञप्ति

**विषय : एलएल0एम वर्ष–2022 (सत्र 2020–22) के लघुशोध जमा कराये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–गोप0/1035बी, दिनांक 31.10.2022 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एलएल0एम0 पाठ्यक्रम के महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को सूचित किया गया था कि विश्वविद्यालय का 34वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 15.12.2022 को प्रस्तावित है। मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार जिन महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा वर्ष–2022 (सत्र 2020–22) के लघुशोध ग्रन्थ विश्वविद्यालय में जमा नहीं कराये गये हैं वे महाविद्यालय/संस्थान दिनांक 04.11.2022 तक सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के लघुशोध ग्रन्थ विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें परन्तु आज दिनांक 05.11.2022 तक सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा लघुशोध ग्रन्थ जमा नहीं कराये गये हैं। एलएल0एम0 पाठ्यक्रम जो विश्वविद्यालय समितियों से पूर्णतः अनुमोदित है, में स्पष्ट उल्लेख है कि सैद्धान्तिक परीक्षा समाप्त होने के 45 दिवस के अन्दर लघुशोध ग्रन्थ जमा करना अनिवार्य है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि उक्त छात्र/छात्राओं को एक अन्तिम नोटिस जारी कर दिनांक 07.11.2022 तक गोपनीय विभाग में लघुशोध ग्रन्थ जमा कराना सुनिश्चित करें। ऐसे छात्र/छात्रा जिनका लघुशोध ग्रन्थ दिनांक 07.11.2022 तक जमा नहीं होता है उनका परीक्षा परिणाम जारी नहीं हो पायेगा। अतः ऐसे छात्र किसी भी दशा में विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेडल हेतु अर्ह नही होंगे और इस संदर्भ में कालान्तर में उनका कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा।

05/11

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. संकायाध्यक्ष–विधि को सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
6. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उक्त विज्ञप्ति समस्त राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)